आई०ए०एस०(प्रा०)/पी०सी०एस० (प्रा०) परीक्षा–2026 की निःशुल्क कोचिंग हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिये तकनीकी एवं परिचालन संबधी दिशा–निर्देश।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2026 के आवेदन प्रक्रिया के लिए सर्वप्रथम आवेदक वेबसाइट पर Step-1 में दिये गये दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ ले तथा दिये गये ब्लैंक (BLANK) प्रारूप फार्म का प्रिन्ट आउट ले लें एवं प्रिन्ट किये गये ब्लैंक फार्म पर अपने रिकार्ड के अनुसार सूचनाए सही–सही भर लें ताकि ऑनलाइन फार्म भरते समय सरलता से कम समय में फार्म भरा जा सके।

एक अभ्यर्थी केवल एक आवेदन–पत्र भर सकता है।

ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियाँ अंग्रेजी भाषा में भरी जायेंगी। प्रविष्टियाँ भरने में स्पेशल करेक्टर (@,#,S, %, ^, &, *, 0, _,+, ., इत्यादि) का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

1. ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया तीन चरणों में विभाजित है–
   1. Step-1 सामान्य निर्देश, तकनीकी निर्देश, विज्ञप्ति, आवेदन/रजिस्ट्रेशन प्रपत्र को डाउनलोड कर उसका भली–भांति अध्ययन करें।
   2. Step-2 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना (अभ्यर्थी अपने रिकार्ड के आधार पर समस्त विवरण भरें)
   3. Step-3 पूर्ण आवेदन–पत्र का प्रिन्ट आउट निकालना।

स्टेप 2 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरना।

- रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदक वेबसाइट पर Step-2 में दी गयी समस्त प्रविष्टियाँ को सही–सही भरें।
- जिन सूचनाओं के आगे Select बॉक्स 'बना है, उनको भरा जाना अनिवार्य है। उसके बिना फार्म स्वीकार नहीं होगा।
- जिन सूचनाओं के आगे Select का बॉक्स बना है, उस बॉक्स को Click करने पर जो Option दिखायी दें, उनमें से एक का चयन करना है।
- क्रम संख्या–01 में उ०प्र० में निरन्तर 5 वर्ष से निवास का जनपद अंकित करें, काउंसलिंग के समय उ०प्र० में निवास का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- क्रम संख्या 10 में आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति/जनजाति या अन्य पिछडा वर्ग अंकित करने की दशा में किसी भी समय मांगे जाने पर सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- क्रम संख्या 11 में जाति प्रमाण पत्र की स्कैन कापी (JPG format अधिकतम 40 के०बी) में अपलोड करें। Choose File बटन के माध्यम से प्रमाण पत्र का (File) चयन करें तथा उसे अपलोड करें।
- क्रम संख्या 12 एवं 13 में वर्णित विकलांग–पत्र को परीक्षा के समय या किसी अन्य समय मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा तथा विकलांगता का प्रतिशत भरना होगा।
- क्रम संख्या 14 में माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय अंकित करना होगा तथा क्रम संख्या–15 में आय प्रमाण पत्र का क्रमांक भरना होगा।
- क्रम सं० 16 में राजस्व अधिकारी, जो तहसीलदार स्तर से कम न हो अथवा सेवायोजक अधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र (विज्ञापन की दिनांक से 03 वर्ष पूर्व तक का मान्य) की स्कैन कापी अथवा सेवायोजन अधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र की स्कैन कापी (JPG format **अधिकतम 40 के०बी)** में अपलोड करें।
- क्रम सं० 17 में अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता का विवरण अंकित करना होगा।
- क्रम सं० 18 में हाईस्कूल के सर्टिफिकेट की स्कैन कापी (JPG format **अधिकतम 40 के०बी०)** में अपलोड करें, जिसमें जन्मतिथि स्पष्ट वर्णित हो।
- क्रम सं० 19 में स्नातक की अंक तालिका की स्कैन कापी (JPG format **अधिकतम 40 के०बी०)** में अपलोड करें।
- क्रम सं० 20 व 21 में वर्णित फोटो पहचान–पत्र को परीक्षा के समय या किसी भी समय मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा तथा फोटो पहचान पत्र हेतु वर्णित विकल्पों में से किसी एक का चयन करते हुये इसकी आई०डी० संख्या अंकित की जायेगी।
- क्रम सं० 22 में कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपनी एक फोटो की फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज अधिकतम (JPG format **अधिकतम 40 के०बी)** हो (40 के०बी० से अधिक साइज एवं अन्य फारमेट का फोटो अपलोड नही होगा)। Browse File बटन के माध्यम से फोटो का चयन करें तथा उसे अपलोड करें।
- क्रम सं० 23 में आवेदक उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुये अपना हस्ताक्षर अपलोड करें।
- क्रम सं० 24 में परीक्षा का नाम जिसके लिये कोचिंग चाहते है, का नाम अंकित करें।
- क्रम सं० 25 अभ्यर्थी जिस जनपद में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है, उस जनपद का चयन करें, जिससे यथा संभव उसे उसी जनपद में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सके।

Scanned with OKEN Scanner

- क्रम सं0 26 कोचिंग केन्द्र का नाम, जहाँ पर प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेना चाहते हो।
- क्रम सं0 27 द्वितीय वरीयता के कोचिंग केन्द्र का नाम, जहॉ पर प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेना चाहते हो।
- क्रम सं0 28 तृतीय वरीयता के कोचिंग केन्द्र का नाम, जहॉ पर प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेना चाहते हो।

स्टेप–3 छात्र के पास आवेदन पत्र भरने में हुई किसी त्रुटि को संशोधित करने का विकल्प होगा।

स्टेप–4 पूर्ण आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट निकालना।

- आवेदन पत्र के सभी कॉलम में प्रविष्टियॉं अंकित करने के पश्चात वेबसाइट पर दिये गये **स्टेप–4** का प्रयोग करते हुये ऑनलाइन फार्म पर अपनी रजिस्ट्रेशन संख्या, जन्म तिथि।
- auto generated code को टाइप करें, तदुपरान्त submit Button पर क्लिक करें।
- तत्पश्चात आवेदक का आवेदन–पत्र प्रदर्शित होगा। आवेदन का प्रिन्ट आउट अवश्य निकालकर अपने पास सुरक्षित रखें, जिसे समस्त मूल अभिलेखों के साथ काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करना होगा। इस प्रकार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।

निदेशक

समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

Scanned with OKEN Scanner